एक नजर में

विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर चौरई मे हुई संगोष्ठी व प्रेस परिचर्चा आयोजित

चौरई। मिडिया का गलत उपयोग समाज के लिए खतरा वर्तमान परिवेश मे मिडिया का गलत इस्तेमाल समाज के लिए घातक ही नहीं है अपितु यह पत्रकारिता के मूल सिद्धांत के विपरीत है इसे रोके बिना पत्रकरो की गिरती साख क़ो बचाया नहीं जा सकता है उक्त बाते विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर चौरई मे आयोजित संगोष्ठी व परिचर्चा मे व्यक्त की गई जिले के वरिष्ठ पत्रकार और दैनिक केसरिया हिंदुस्तान के जिला ब्यूरो चीफ महेश शिवहरे ने कहाँ की जीवंत लोकतंत्र की सफलता के लिए स्वतंत्र मीडिया का होना अनिवार्य है यूनेस्को की सिफारिश के बाद दिसंबर 1993 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 3 मई को विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के रूप में घोषित किया था तब से यह दिन मीडिया की स्वतंत्रता के बुनियादी सिद्धांतों का जश्न मनाने और दुनिया भर में प्रेस की स्थिति का आकलन करने के लिए मनाया जाता है। पत्रकार भुजेन्द्र शर्मा ने अपनी बात रखते हुए मीडिया को समाज का दर्पण और लोकतंत्र का रक्षक बताया वही वरिष्ठ पत्रकार और चौरई प्रेस क्लब के अध्यक्ष अजय सेन ने कहाँ की एक स्वतंत्र प्रेस न केवल जनता को देश-दुनिया की घटनाओं से अवगत कराता है बल्कि सत्ता में बैठे लोगों की जवाबदेही भी तय करता है यह जनता की आवाज़ को सरकार तक पहुँचाने और सामाजिक बुराइयों को उजागर करने का एक सशक्त माध्यम है। पत्रकार मनोज साहू ने कहाँ की विश्व प्रेस दिवस उन पत्रकारों को याद करने और श्रद्धांजलि देने का अवसर है जिन्होंने अपने कर्तव्य का पालन करते हुए अपनी जान गंवाई है साथ ही प्रेस की स्वतंत्रता की रक्षा करने और अपनी प्रतिबद्धताओं को याद दिलाने का अवसर प्रदान करता है। पत्रकार ओम प्रकाश विश्वकर्मा ने कहाँ की जनता के बीच प्रेस की स्वतंत्रता और सूचना के अधिकार के महत्व को लेकर जागरूकता बढ़ाई जाना चाहिए किन्तु वर्तमान समय कुछ कथाकथित लोगो ने इसे कमाई का जरिया बना लिया है जो पत्रकरिता क़ो बदनाम कर रहा है वरिष्ठ पत्रकार और डी टी न्यूज़ संपादक मोहम्मद शमीम ने कहाँ की आज के दौर में मीडिया के सामने कई गंभीर चुनौतियाँ हैं पत्रकारों पर बढ़ते हमले राजनीतिक दबाव सेंसरशिप और फेक न्यूज का बढ़ता चलन प्रेस की निष्पक्षता पर सवाल खड़े करता है आर्थिक लाभ के लिए खबरों से समझौता करना भी एक बड़ी समस्या बनकर उभरा है। इस अवसर पर पत्रकार सौरभ जैन ने कहाँ की स्वतंत्र और निष्पक्ष मीडिया के बिना एक स्वस्थ लोकतंत्र की कल्पना नहीं की जा सकती विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस हमें याद दिलाता है कि मीडिया की आज़ादी सिर्फ पत्रकारों का अधिकार नहीं बल्कि पूरे समाज की ज़रूरत है हमें एक ऐसा वातावरण बनाने का प्रयास करना चाहिए जहाँ प्रेस बिना किसी डर या पक्षपात के सच्चाई को सामने ला सके।

आज से शटलर्स दिखाएंगे जौहर

छिंदवाड़ा। जिला बैडमिंटन संघ द्वारा जूनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन ओलंपिक स्टेडियम बैडमिंटन हॉल में आज से सोमवार 4 बजे से किया जा रहा है। जिसमें जिले भर के 11,13,15,17,19 वर्ष बालक बालिका भाग लेंगे। एकल युगल के आयोजन समिति के पदाधिकारी इंद्रजीत सिंह बैंस ने बताया कि इस स्पर्धा से चयनित खिलाड़ी आगामी संभाग एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व करेंगे। जिन्हें विशेष प्रशिक्षण देकर तैयार किया जायगा ।इस स्पर्धा के सचिव जावेद खान ने बताया कि स्पर्धा भारतीय बैडमिंटन संघ के नियमानुसार होगी जिसमें खिलाड़ियोंअपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त होगा । चयनकर्ता एवं निर्णायक के रूप जावेद खान , राकेश चौरसिया, योगेश चंद्रवंशी, तरुण विश्वकर्मा, अमित सोनी , विनय चंदेल, रत्नेश दुबे , अथर्व गुप्ता , महिमा यादव, , लक्ष्मी मार्को, पार्थ चौकसे , वैभव वाडिया एवं तनिष्का विश्वकर्मा से संपर्क करें।

लोगों के सुख दुख में शामिल हुए सांसद

छिंदवाड़ा। जिले के आमजनों के साथ ही भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता के साथ मित्रवत भाव रखने वाले सांसद बंटी विवेक साहू रविवार को अपने व्यस्त कार्यक्रमों के बीच लोगों के सुख दुख में भी शामिल हुए। अति व्यस्त कार्यक्रमों के बीच समय निकालकर आमजनों और अपने कार्यकर्ताओं के साथ पारिवारिक माहौल में चर्चा करना सांसद श्री साहू के स्वभाव में शामिल हैं। इसी के तहत सांसद बंटी विवेक साहू ने परासिया में क्रेडिट सोसायटी अध्यक्ष मार्कण्डेय सूर्यवंशी के निवास स्थान पहुंचकर उनकी सुपुत्री अदिति सूर्यवंशी को विवाह की शुभकामनाएं एवं बधाई दी। चांदामेटा में मानव शर्मा के निवास स्थान पहुंचकर उनकी बहन के शुभ विवाह की शुभकामनाएं एवं बधाई दी। इकलेहरा में कौशल कैथवास के निवास स्थान पहुंचकर उनके बड़े भाई स्वर्गीय विद्या कैथवास के निधन पर शोक संवेदनाएं व्यक्त की। जुन्नारदेव में विष्णु प्रसाद शर्मा के निवास स्थान पहुंचकर उनकी सुपुत्री को विवाह की शुभकामनाएं एवं बधाई दी। शंकर लाल मिगलानी के निवास स्थान पहुंचकर उनके सुपुत्र के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए श्रद्धाजंलि अर्पित की। दमुआ में राहुल साखरे के निवास स्थान पहुंचकर उनके पिताजी स्वर्गीय कैलाश साखरे के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए श्रद्धाजंलि अर्पित की। पार्षद सोहन डेहरिया के निवास स्थान पहुंचकर उनकी माताजी के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए श्रद्धाजंलि अर्पित की। सांसद बंटी विवेक साहू ने जुन्नारदेव में स्वर्गीय आदर्श शर्मा के निवास स्थान पहुंचकर उनकी धर्मपत्नी श्रीमती अपूर्व आदर्श शर्मा के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए श्रद्धाजंलि अर्पित की।

खबर का असर : बटकाखापा को मिली मिनी फायर ब्रिगेड की सौगात

नवभारत न्यूज

बटकाखापा, 3 मई, क्षेत्र में लगातार उठ रही आगजनी की घटनाओं और फायर ब्रिगेड की अनुपलब्धता की समस्या को गंभीरता से लेते हुए अब समाधान सामने आ गया है। ग्राम पंचायत सरपंच एवं सरपंच संघ अध्यक्ष योगेंद्र शाह धुर्वे के अथक प्रयासों और अमरवाड़ा विधायक राजा कमलेश प्रताप शाह की त्वरित पहल से बटकाखापा नगर को मिनी ट्रैक्टर फायर ब्रिगेड की सौगात मिल गई है।

बताया जा रहा है कि क्षेत्र में आग लगने की घटनाओं के दौरान समय पर फायर ब्रिगेड नहीं पहुंच पाने से ग्रामीणों और किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ता था। इस गंभीर समस्या को लेकर स्थानीय स्तर पर लगातार मांग उठाई जा रही थी, जिसे विधायक श्री शाह ने प्राथमिकता से लेते हुए तुरंत कार्रवाई की।

त्वरित सुनवाई से मिली राहत

अमरवाड़ा विधायक द्वारा समस्या की त्वरित सुनवाई करते हुए मिनी फायर ब्रिगेड उपलब्ध कराई गई, जिससे अब आग लगने की स्थिति में तत्काल राहत कार्य शुरू किया जा सकेगा। इससे पूरे नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी।

नगरवासियों में खुशी की लहर

मिनी फायर ब्रिगेड मिलने से क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। ग्राम सरपंच, जनप्रतिनिधियों और नगरवासियों ने विधायक राजा कमलेश प्रताप शाह के प्रति आभार व्यक्त किया है और इसे क्षेत्र की एक बड़ी समस्या के समाधान के रूप में देखा जा रहा है।

सुरक्षा की दिशा में बड़ा कदम : यह पहल न केवल बटकाखापा बल्कि आसपास के क्षेत्रों के लिए भी सुरक्षा की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। अब आगजनी जैसी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई संभव हो सकेगी, जिससे जन-धन की हानि को काफी हद तक रोका जा सकेगा।

हर्रई को मिली बड़ी सुविधा : हर्रई अस्पताल को मिला मॉर्चरी फ्रीजर

विधायक राजा कमलेश प्रताप शाह ने दी नगरवासियों को महत्वपूर्ण सौगात

नवभारत न्यूज

हर्रई, 3 मई, हर्रई नगर के लिए एक बड़ी राहत भरी खबर सामने आई है। क्षेत्र के विधायक राजा कमलेश प्रताप शाह ने हर्रई के शासकीय अस्पताल को मॉर्चरी फ्रीजर (शव संरक्षक फ्रीजर) भेंट कर एक महत्वपूर्ण जनसेवा का कार्य किया है।

इस सुविधा के उपलब्ध होने से अब पार्थिव शरीर को सुरक्षित रखने की व्यवस्था स्थानीय स्तर पर ही संभव हो सकेगी, जिससे आम नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी।

क्यों है यह सुविधा महत्वपूर्ण?

हर्रई जैसे क्षेत्र में पहले इस प्रकार की सुविधा उपलब्ध नहीं होने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। कई बार पार्थिव शरीर को अन्य शहरों में ले जाना पड़ता था, जिससे समय और धन दोनों की हानि होती थी। अब इस मॉर्चरी फ्रीजर की उपलब्धता से स्थानीय स्तर पर ही सुविधा मिलेगी, परिजनों को मानसिक और आर्थिक राहत मिलेगी, अस्पताल की सेवाएं और बेहतर होंगी।

क्या है मॉर्चरी फ्रीजर और इसका उपयोग?

- मॉर्चरी फ्रीजर एक विशेष प्रकार का शीत उपकरण होता है, जिसमें पार्थिव शरीर को कुछ समय तक सुरक्षित रखा जाता है।
- दुर्घटना, आकस्मिक मृत्यु या कानूनी प्रक्रिया (पोस्टमार्टम आदि) के दौरान शरीर को सुरक्षित रखने में उपयोगी
- दूर-दराज के परिजनों के आने तक पार्थिव शरीर को सुरक्षित रखा जा सकता है
- गर्मी के मौसम में शव के जल्दी खराब होने से बचाव
- अस्पतालों में बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था और प्रबंधन में सहायक

जनसेवा का सराहनीय कार्य

विधायक राजा कमलेश प्रताप शाह द्वारा दिया गया यह योगदान क्षेत्र के लोगों के लिए अत्यंत उपयोगी और सराहनीय पहल है। यह कदम स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है।

हर्रई के लिए राहत और सुविधा

नगरवासियों ने इस सौगात के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सुविधा आने वाले समय में कई परिवारों के लिए सहारा बनेगी।

एक वर्षीय डिप्लोमा परीक्षा सम्पन्न

सेवानिवृत शिक्षिका ने बहू ,बेटी, दामाद के साथ दी परीक्षा

नवभारत न्यूज

जुन्नारदेव, 3 मई, सीखने की कोई उम्र नहीं होती इस कहावत को साकार करते हुए एक सेवानिवृत्त शिक्षिका ने अपने परिवार के साथ परीक्षा देकर क्षेत्र में प्रेरणादायक संदेश दिया। भारत सरकार के उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित कौमी काउंसिल बराए फ़ोग-ए-उर्दू जुबान (छब्ब्स्) की वार्षिक उर्दू डिप्लोमा परीक्षा 03 मई को मदरसा मोहम्मदिया जुन्नारदेव में शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई।

परीक्षा में क्षेत्र के 25 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान परासिया निवासी सेवानिवृत्त शिक्षिका श्रीमती सईदा खान विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं।जिन्होंने अपनी बहन की बहू श्रीमती शमिमा अंसारी, बेटी तबस्सुम निशा और दामाद आशिम खान के साथ परीक्षा में शामिल होकर एक अनूठी मिसाल पेश की। एक ही परिवार के चार सदस्यों का एक साथ परीक्षा देना केंद्र में चर्चा का विषय बना रहा। उपरोक्त जानकारी परीक्षा केंद्र प्रभारी मोहम्मद ताहिर ने दिया और बताया कि उर्दू डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आयु जाति या औपचारिक शिक्षा की कोई बाध्यता नहीं है। जिससे हर वर्ग और उम्र के लोग इसमें भाग लेकर अपनी शैक्षणिक रुचि को आगे बढ़ा सकते हैं। यही कारण है कि इस परीक्षा में हर वर्ष महिलाएं, पुरुष एवं युवा वर्ग बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। यह पहल न केवल शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का माध्यम बन रही है, बल्कि समाज में आजीवन सीखने की प्रेरणा भी दे रही है। इस परीक्षा के फ़ार्म जनवरी फ़रवरी में भरें जाते है।

नपा सफाई कर्मी महेश उईके का दुखद निधन

जुन्नारदेव। नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 17 निवासी महेश पिता सनीलाल उईके उम्र करीब 55 वर्ष जो नगर पालिका परिषद जुन्नारदेव में सफाई विभाग में कार्यरत था. जिनका विगत बुधवार को लंबित बीमारी (टीबी) के चलते दुखद निधन हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा गुरुवार को उनके निज निवास से मोक्ष धाम के लिए निकाली गई, जिसमें सामाजिक बंधु एवं वार्ड वासी शामिल हुए।

चौपाल लगाकर जल स्त्रोत बढ़ाने के बताये उपाय

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 3 मई, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा जिला समन्वयक अखिलेश जैन के मार्गदर्शन मे जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम के अंर्तगत जल स्त्रोतों का स्तर बढ़ाने के लिए सेक्टर क्रमांक 03 की नवांकुर संस्था अपूर्वा फाऊंडेशन के तत्वावधान मे ग्राम रंगीन खापा मे जन जागरूकता लाने चौपाल लगाकर जल संवर्धन के बताये उपाय एवं बरसाती जल को रोकने ग्रामीणों के साथ श्रमदान कर खंत्ती खुदाई की।

अपूर्वा फाऊंडेशन के अध्यक्ष संजय साहू ने बताया की जल ग्रहण मिशन की कल्पना को साकार करने के लिए रंगीन खापा की टेकड़ी को हराभरा करने पहाडियों का भूप्रबंधन लिए ग्रामीणो के साथ मिलकर सी एम सी एल डी पी के छात्रो ने श्रम दान कर ट्रंच कंटूर 6/3 के खोदकर बनाये गये जिससे की बरसात का पानी उन गड्ढों मे भरे ओर भूक्षरण को रोका जा सके जिससे की जल स्तर बना रहे ।इस अवसर पर सेक्टर 3 के परामर्शदाता श्यामल राव ने संवाद करते हुए कहा की जन को सुरक्षित रखना हो तो हमसब मिलकर अधिक से अधिक पोधा रोपण करे जिससे की ग्राम का जल स्तर बढ़ सके ओर पानी की समस्या से निजात पा सके क्योंकि जल ही जीवन हे इसका संवर्धन करना हम सबका दायित्व है। सरपंच संजू गजभिए ने कहा की जुलाई माह मे इस टेकड़ी को हराभरा करने इन खोदे हुए ट्रंच के कंटूर पर पौधरोपण किया जायेगा जिससे की ग्राम का जल स्तर बढ़ सके।

हर्रई के आयुर्वेदाचार्य का राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान

हर्रई के डॉ. महेंद्र राठौरिया को भारत विभूषण सम्मान, पंजाब विधान सभा, चंडीगढ़ में हुआ भव्य सम्मान समारोह

नवभारत न्यूज

हर्रई, 3 मई, हर्रई नगर के लिए गर्व का क्षण तब बना, जब प्रसिद्ध आयुर्वेदाचार्य डॉ. महेंद्र राठौरिया को राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित भारत विभूषण सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान नीति आयोग के तत्वावधान में शिक्षा, सामाजिक सुधार, स्वास्थ्य सेवा, अनुसंधान एवं सार्वजनिक सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया जाता है।

यह सम्मान समारोह 28 अप्रैल 2026 को पंजाब विधान सभा, चंडीगढ़ में आयोजित किया गया, जहाँ मुख्य अतिथि सरदार कुलतार सिंह संधवां (अध्यक्ष, पंजाब विधान सभा) ने डॉ. राठौरिया को सम्मानित किया। भारत विभूषण सम्मान एक राष्ट्रीय स्तर का गौरवशाली पुरस्कार है, जिसकी शुरुआत संस्था द्वारा नीति आयोग से संबंधित पहल के अंतर्गत की गई है। यह सम्मान हर वर्ष उन व्यक्तियों और संस्थाओं को दिया जाता है जिन्होंने समाज में उत्कृष्ट योगदान देकर सकारात्मक परिवर्तन लाया हो। इसका उद्देश्य समाज में प्रेरणादायक नेतृत्व और सेवा भावना को पहचान देना है। शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज सेवा और अनुसंधान जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को विशेष रूप से सम्मानित किया जाता है।

आयुर्वेद के क्षेत्र में पहचान

डॉ. महेंद्र राठौरिया को शास्त्रयुक्त आयुर्वेदाचार्य के रूप में उनकी विशिष्ट पहचान और समाज सेवा के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। उनके कार्यों ने आयुर्वेद के क्षेत्र में नई दिशा और विश्वास स्थापित किया है।

हर्रई के लिए गौरव का पल

यह सम्मान केवल डॉ. राठौरिया की उपलब्धि नहीं, बल्कि पूरे हर्रई नगर के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र के युवाओं और समाजसेवियों को नई प्रेरणा मिलेगी।

कतिया समाज कल्याण संस्था ने किया सांसद का अभिनंदन

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 3 मई, कतिया समाज कल्याण संस्था छिन्दवाड़ा के पदाधिकारियों ने रविवार को सांसद कार्यालय पहुंचकर सांसद बंटी विवेक साहू का शॉल श्रीफल व विशाल पुष्प माला से हार्दिक अभिनंदन किया।

इस दौरान समाज के लोगों ने सांसद श्री साहू से भवन निर्माण में सहयोग के लिए निवेदन किया। जिस पर सांसद बंटी विवेक साहू ने हर संभव सहयोग का आश्वासन सामाजिक बंधुओं को दिया है। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारियों ने सांसद श्री साहू को समाज द्वारा की जा रही विभिन्न गतिविधियों और उपलब्धियों से अवगत कराया। जिसकी सराहना करते हुए सांसद श्री साहू ने कतिया समाज की एकता व अखंडता की सराहना की और समाज की एकता को इसी तरह बनाए रखने के लिए कहा। इस अवसर पर कतिया समाज कल्याण संस्था के अध्यक्ष महेन्द्र नागवंशी, उपाध्यक्ष गुरूदयाल बेलवंशी, संयोजक श्रीपत नायक, समन्वयक ओमकार मेंहगिंया, सचिव मोहन बेलवंशी, मंडल अध्यक्ष राकेश बेलवंशी, कोषाध्यक्ष मिश्रा चंद्रपूरी, सहकोषाध्यक्ष हरचंद चंद्रपुरी, बी.एल. बेलवंशी, दिनेश राकेशिया, नंदकिशोर बेलवंशी, सुंदर नागवंशी, रामप्रसाद सिगोतिया, कमलेश बेलवंशी सहित अन्य उपस्थित थे।

आयोजन | नवांकुर नर्सरी में तैयार हो रहे पर्यावरण संरक्षण के प्रहरी

जल गंगा संवर्धन अभियान से जुड़ा हरियाली का संकल्प

नवभारत न्यूज

जुन्नारदेव, 3 मई, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद छिन्दवाड़ा के अंतर्गत संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ब्लॉक जुन्नारदेव में नवांकुर संस्था स्वयं सामाजिक कल्याण और विकास समिति, खापा स्वामी द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं जल संवर्धन को लेकर एक प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम विकासखंड समन्वयक अखिलेश जैन के तत्वाधान एवं ब्लॉक समन्वयक संजय बामने के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

संस्था की अध्यक्ष अर्चना माहोरे ने नवांकुर द्वारा स्थापित नर्सरी में विभिन्न प्रकार के पौधे तैयार कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान उपस्थित लोगों को जल संरक्षण, पौधारोपण एवं प्रकृति संवर्धन की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में बताया गया कि जल और जंगल एक-दूसरे के पूरक हैं, और यदि पेड़ सुरक्षित रहेंगे तो जल स्रोत भी संरक्षित रहेंगे।

कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि ÷जल गंगा संवर्धन अभियान÷ केवल जल बचाने का अभियान नहीं, बल्कि प्रकृति, हरियाली और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित रखने का जनआंदोलन है। नर्सरी में तैयार किए जा रहे पौधे आने वाले समय में क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने, भूजल स्तर सुधारने और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

महिलाओं एवं युवाओं की सक्रिय भागीदारी ने कार्यक्रम को और अधिक प्रेरणादायक बना दिया। इस अवसर पर आफ़रीन खान, अंजलि, परदेसी, बबीता, शीलू, सृष्टि यदुवंशी, देवयानी यदुवंशी एवं रागिनी यदुवंशी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि यदि समाज मिलकर जल और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प ले, तो धरती को फ़िर से हरियाली, स्वच्छता और जीवन से भरपूर बनाया जा सकता है।

कार्यालय कलेक्टर (खनि शाखा) जिला पाण्ढुर्णा

(म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम, 18 (1-क) के अन्तर्गत्त उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिए)

// प्रथम सूचना //

यह सूचित किया जाता है, कि आवेदक श्री ओम सांई ट्रेडर्स प्रोपराईटर चेतन कुमार चड्डा निवासी नगर पालिका काम्पलेक्स बस स्टेण्ड सौंसर तहसील सौंसर जिला पाण्ढुर्णा के द्वारा उत्खनिपट्टा खनिज गिट्टी, प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 07/03/2026 को प्रस्तुत किया गया है। इस क्षेत्र पर दिनांक 06/06/2026 तक क्षेत्र पर यथास्थित्ति उत्खनिपट्टा आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

जिला	तहसील	ग्राम	खसरा	रकबा (हे.)	भूमि का प्रकार शासकीय/निजी	खनिज	रिमार्क
पाण्ढुर्णा	सौंसर	सायखेड़ा	189/1, 189/2	आवेदित रकबा 3,000	निजी भूमि	पत्थर/गिट्टी/एम सेण्ड	ईआईडी 39882
				कुल रकबा 3,000 हे.			

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करनें की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं. तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करनें की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करनें हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवदेन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिनांक प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वित्तीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिखा जाएगा।

Digitally signed by Mahesh Kumar Nagpure
Date: 29-04-2026 13:53:18

प्रभारी खनि अधिकारी
जिला पाण्ढुर्णा

G-12401/26